हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 फरवरी 2026

04 न्यायालयीन कार्य ठप, कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च...



07 देखते ही बन रही थी दूल्हा बने भगवान श्री नीलकंठेश्वर...





## खबर संक्षेप में

### विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रेषित कार्य योजना वर्ष 2025-26 के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएस चौहान के मार्गदर्शन में सोमवार को गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आगर मालवा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमंत मेहरा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल यौन अपराध, पॉक्सो अधिनियम, मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी ने नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 तथा किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुंभकार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से संचालित नागरिक केन्द्रित सेवाएं अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। राज्य शासन द्वारा आम जन के लिये सरल, पारदर्शी व त्वरित ऑनलाइन सेवा शुरू की गई है। यह सेवायें एमपी ई-सेवा पोर्टल व मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले के सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। पोर्टल तथा एप पर सुविधा सेवायें, प्रमाण-पत्र, लायसेंस व कर, राजस्व कृषि एवं ग्रामीण विकास सेवायें, पेंशन, अन्य हितलाभ, सामाजिक कल्याण व सशक्तिकरण, शिक्षा, शहरी आवास और पर्यावरण, ऊर्जा, परिवहन, अधोसंरचना, व्यवसाय, निवेश व प्रमोशन, स्वास्थ्य व कल्याण, न्याय, कानून और शिकायत, यात्रा, संस्कृति, विरासत व पर्यटन, युवा, खेल एवं रोजगार उद्यमिता व कौशल इत्यादि से संबंधित सेवायें एमपी ई-सेवा पोर्टल पर उपलब्ध हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल व मोबाइल एप पर शासकीय योजनाओं की पात्रता की जाँच, ऑनलाइन आवेदन, रियल टाइम आवेदन ट्रेकिंग, डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड, समग्र प्रोफाइल के आधार पर पूर्व में भरा हुआ आवेदन फॉर्म, सिंगल साइन ऑन सुविधा, इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे सुविधा, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन एवं एंड्रॉयड और आईओएस से संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का दो दिवस में करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। शिकायत निराकरण में जिन विभागों का प्रदर्शन निम्न है, वे शीघ्र सुधार कर ए ग्रेड प्राप्त करें। निर्धारित समय-सीमा में समाधान नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में राजस्व, वन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की ग्रेडिंग की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, समस्त तहसीलदार, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली आगामी वीडियो कॉन्फ्रेंस को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को अंतिम प्रगति पत्रक (फाइनल पीटी) तैयार कर आंकड़ों का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को प्रतिदिन डेटा अपडेट करने के लिए कहा गया।

### राजस्व प्रकरणों पर विशेष जोर

कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि सोयाबीन मुआवजा न प्राप्त होने से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए। उर्वरक वितरण हेतु सभी कृषकों की फार्मर आईडी बनाई जाए। जिनकी फार्मर आईडी बनी है, उनके सभी खसरे लिंक करे। समग्र ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा कर जनपद सीईओ और नगरीय निकाय सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए।

### जनगणना-2027 की पूर्व तैयारियां

बैठक में जनगणना-2027 के संबंध में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जनगणना फरवरी-मार्च 2027 तक दो चरणों में पूर्ण की जाएगी। यह कार्य पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जनगणना से संबंधित पूर्व तैयारियां शासन निर्देशानुसार समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने टीएल मार्क किए गए आवेदनों एवं अन्य लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। सभी तहसीलदारों को भूमि अभिलेखों के अद्यतनकरण एवं लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश भी दिए गए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों द्वारा अब तक आवेदन दर्ज नहीं किए गए हैं, वे तत्काल पंजीयन करें।

जिले का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिवस के भीतर सभी लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सभी विभागों को आई-गोट पोर्टल पर पंजीयन कराने तथा जिन अधिकारियों की आईडी निर्मित नहीं हुई है, उन्हें तत्काल आईडी बनवाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## 11 क्विंटल साबूदाने खिचड़ी का वितरण किया

# बड़ागांव के बाबा भोगेश्वर महादेव झाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा






बड़ागांव नगर के बाबा भोगेश्वर महादेव झाड़ी मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाबा का प्रातः काल तथा अर्धरात्रि में विशेष श्रृंगार करके महा आरती का आयोजन किया। श्रद्धालुओं को 11 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी की प्रसादी का वितरण किया गया।

महाशिवरात्रि पर्व पर भोगेश्वर महादेव झाड़ी मंदिर के गर्भ गृह में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि का सिलसिला अल सुबह जारी हो गया था। जो देर शाम तक चलता रहा। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए समिति द्वारा सभी भक्तों को कतार में लगकर दर्शन कराए गए। पर्व के इस मौके पर जन सहयोग तथा झाड़ी समिति के द्वारा लगभग 11 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी की प्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की गई। दिन के समय में जहां संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर झाड़ी मंदिर समिति के द्वारा पूरे मंदिर परिसर में धूप से बचने के लिए टेंट पंडाल लगाए गए वहीं मुख्य द्वार पर साज सजावट की गई।

मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ का मुखौटा सजा कर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा भोलेनाथ के साथ सेल्फी ली गई। वहीं हर रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार महाशिवरात्रि के अवसर पर झाड़ी मंदिर परिसर में मेले स्वरूप में हाटबाजार लगाया गया। जिसमें लोगों ने खूब खरीदारी करी तथा विभिन्न व्यंजनों के लुप्त भी उठाए गए। इस मौके पर नगर परिषद के मुख्य नपाअधिकारी बाबूसिंह राजपूत ने भी व्यवस्था को देखा तथा बड़ागांव पुलिस चौकी स्टाफ ने भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

### सेवा ही है सनातन का मूल तत्वः राजकुमार

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम रुद्राक्ष महोत्सव 2026 के पावन अवसर पर गुरुकुल द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा हेतु जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, दुर्गा माता मंदिर, तहसील चौराहा, धाम पार्किंग सहित कई स्थानों पर 400 स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। इस संबंध में गुरुकुल के प्रमुख डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है, सेवा ही सनातन का मूल तत्व। महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और मानव सेवा का महायज्ञ है। डॉ. मालवीय ने समस्त स्कूलों, एनजीओ, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और युवाओं से अपील की है कि वे इस पुनीत सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। सामग्री दान अथवा स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर भी श्रद्धालुओं की सेवा की जा सकती है। गुरुकुल द्वारा सामग्री दान हेतु संपर्क सूत्र जारी किए गए हैं। इच्छुक नागरिक दान सामग्री सेवा केंद्रों तक पहुंचाकर या स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर सकते हैं।

# पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर लाखों शिव भक्तों ने लगाए पौधे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ शिव महापुराण का श्रवण किया। इस मौके पर सुबह नौ बजे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष से निर्मित भव्य शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन अर्चन किया और उसके पश्चात मंदिर परिसर में ग्रीन शिवरात्रि को लेकर वेलपत्र पौधों का रोपण किया उसके उपरांत देश भर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं महाष्ट्रर राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाना, पंजाब, हिमाचल प्रदेश बिहार आदि प्रदेशों में करीब एक करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया।

रविवार को महाशिवरात्रि पर पौधा रोपण करते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी होगा जब कदम-कदम पर पौधे लगेंगे। पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता। हमें मुफ्त में आक्सीजन पेड़-पौधे ही देते हैं। बढ़ती जनसंख्या और घटते पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व पर सवा खड़ा कर रहे हैं। शिव महापुराण के दूसरे दिन पंडित मिश्रा ने कहाकि तुम्हारे दुख की घड़ी में भोले बाबा हमेशा खड़ा रहेगा। तुम्हारा कष्ट तुम्हें सहना है, कोई दूसरा नहीं सहेगा। परिवार वाले आएंगे, केवल शंकर जी को जल चढ़ाया है तो नंदी ही तुम्हारा दर्द बाटेंगे। देवाधिदेव महादेव पृथ्वी पर रहते हैं, वह तुम्हारे पास आएंगे तुम्हारा दुख हरने के लिए, लेकिन उसके लिए तुम्हें उन्हें दिल से पुकारना होगा। रविवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर परिसर सहित आस-पास मौजूद थे और पूरे भाव से कथा का श्रवण कर रहे थे। चार बड़े पंडालों के साथ-साथ श्रद्धालु खुले में पीछे तक बैठे नजर आए। भक्तों ने यहां पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कथा का श्रवण किया।

### पर्यटकों को धोखाधड़ी से बचने के लिए दी सलाह

**सीहोर।** वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के टाइगर रिजर्व में सफारी टिकटों की बुकिंग केवल MPOnline के माध्यम से ही अधिकृत है। इसके अलावा किसी भी निजी वेबसाइट, मोबाइल ऐप या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सफारी बुकिंग की अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे किसी भी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही बुकिंग अवैध है। विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अत्यंत सतर्क रहें और केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही सफारी बुकिंग करें। विभाग की अपील है कि यदि किसी पर्यटक ने इन अनधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफारी बुक कराई है और वह धोखाधड़ी का शिकार हुआ है, इससे किसी प्रकार का नुकसान हुआ है अथवा बुकिंग संबंधी कोई अन्य शिकायत है, तो वह तत्काल संबंधित कार्यालय को इसकी सूचना दे। शिकायतों को कार्रवाई के लिये राज्य साइबर पुलिस सेल को भेजा जाएगा।

# आभूषण चोरी मामले में कार्रवाई नहीं होने पर सौंपा ज्ञापन



**नलखेड़ा।** थानांतर्गत ग्राम गुजरखेड़ी में गत 25 जनवरी को हनुमान मंदिर से हनुमान जी के चांदी के आभूषण चोरी होने की घटना हुई थी। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित ग्रामवासियों ने सोमवार को थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र कार्रवाई कर चोरी गए आभूषण बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को ग्राम गुजरखेड़ी के ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी नागेश यादव को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि गत 25 जनवरी को ग्राम के हनुमान मंदिर से हनुमान जी के चांदी के आभूषण चोरी हुए थे। इस मामले में अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है। पुलिस द्वारा अभी तक कॉल डिटेल भी नही निकाली गई है और न ही कोई चोर पकड़ में आया है। ग्रामीणजनों द्वारा शीघ्र ही घटना के समय की कॉल डिटेल व स्पॉट लोकेशन निकाल कर चोरों को गिरफ्तार कर हनुमान जी के चोरी गए आभूषण बरामद किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष घनश्याम पाटीदार, सुभाष पाटीदार, नेपालसिंह सांवरिया पाटीदार पप्पू पुजारी सोनू शर्मा, गिरिराज गुर्जर, हेमराज गुर्जर, राजेश गुर्जर, अमित, लखन, नरेंद्रसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

# अनुशासन, जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं खेलः राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। इस गरिमामय आयोजन ने प्रदेश भर के खिलाड़ियों को अपनी शक्ति और कौशल प्रदर्शन के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय व विशेष अतिथि डॉ गगन नामदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया। राज्य स्तरीय इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरी प्रतियोगिता अत्यंत पारदर्शी और अनुशासित रही। प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी , भानु सिंह राजपूत विश्व हिंदू परिषद पूर्ण कालिक, पूर्णिमा वर्मा कमांडर गुलाबी गैंग ( मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र) जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान द्वारा प्रदान किए गए। आयोजक समिति के भारत सोनी, नितिन शर्मा, सत्यनारायण वारिया, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव ने सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग अंकित शर्मा, विकास वारिया, नमन सोनी आदि का रहा। क्त प्रतियोगिता में 59 किलो पुरुष प्रथम अरिहंत जैन इंदौर कॉरपोरेशन, द्वितीय नयन शर्मा उज्जैन, तृतीय अनुराग बेन जबलपुर, 66 किलो पुरुष प्रथमध्रुव राज कुरे भोपाल जिला, द्वितीय अंटोन शाजी भोपाल कॉरपोरेशन, तृतीय विवेक पांडे इंदौर कॉरपोरेशन, 74 किलोग्राम पुरुष, प्रथम सुमित सिंह ठाकुर जबलपुर, द्वितीय अमन भगत इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय अभिषेक शर्मा उज्जैन, 83 किलोग्राम पुरुष, प्रथम योगेश नाथ जिला भोपाल, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल कॉरपोरेशन, 93 किलोग्राम पुरुष, प्रथम जय सिंह बाघ रतलाम, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल, 105 किलोग्राम पुरुष, प्रथम शशांक जोशी जबलपुर, द्वितीय आशीष यादव इंदौर जिला, तृतीय स्नेह राज सिंह पवार इंदौर कॉरपोरेशन, 120 किलोग्राम प्रथम मयंक जोशी उज्जैन, द्वितीय बुद्धदेव सिन्हा इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय आदित्य सिंह कुशवाहा इंदौर जिला, 120+ किलोग्राम पुरुष प्रथम सुदर्शन तिवारी बड़वानी, द्वितीय परितेश पाल इंदौर कॉरपोरेशन वजन वर्ग में अपना दमखम दिखाया। सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने मोबाइल क्लिनिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बागली विकासखंड में परिवार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल क्लिनिक सेवा का शुभारम्भ कर कलेक्टर कार्यालय से मोबाइल क्लिनिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम से बागली ब्लॉक के 55 दूरस्थ और जरूरतमंद आदिवासी गाँवों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य परामर्श और दवा वितरण की सुविधा ग्रामीणों को उनके गाँव में ही उपलब्ध होगी।मोबाइल क्लिनिक प्रतिदिन 4 से 5 गाँवों में जाकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों की जाँच करेगी और निःशुल्क दवाइयाँ व परामर्श देगी। गंभीर रोगियों को आवश्यकता अनुसार देवास, इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, दिल्ली एम्स जैसे सरकारी अस्पतालों में रेफर किया जाएगा तथा संस्था द्वारा उनके उपचार की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 164 रोगियों का पंजीयन किया गया। जिसमें 12 रोगियों का मोतियाबिंद के लिए चयन किया। 26 हितग्राहियों को शासन द्वारा प्रदाय किए गए चश्मों का वितरण किया।

## शिवपुरी में अधिवक्ता की हत्या से प्रदेश में उबाल, देवास में वकीलों का बहिष्कार

# न्यायालयीन कार्य ठप, कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च, दोषियों की गिरफ्तारी की रखी मांग

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की जोरदार मांग, सुरक्षा कानून नहीं तो आंदोलन होगा उग्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आह्वान पर जिला अभिभाषक संघ, देवास ने 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से पूर्णतः विरत रहकर "प्रतिवाद दिवस" मनाया। यह कदम शिवपुरी जिले के करेरा क्षेत्र में 14 फरवरी 2026 को अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में उठाया गया। घटना के बाद प्रदेशभर में अधिवक्ताओं में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। देवास में सोमवार सुबह से ही जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की भीड़ एकत्रित होने लगी। काली पट्टी बांधकर वकीलों ने नारेबाजी की और दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद अधिवक्ताओं ने संगठित रूप से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च किया और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार दिनदहाड़े एक अधिवक्ता की हत्या की गई, वह न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि न्याय प्रणाली की सुरक्षा पर भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का वह वर्ग है जो पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करता है, ऐसे में उन्हीं की सुरक्षा खतरे में होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन का वाचन करते हुए संघ सचिव अतुल कुमार पंड्या ने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं। इससे पहले डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह मीना तथा देवास के अधिवक्ता विष्णु अग्रवाल सहित अन्य स्थानों पर भी हमले और आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं से विधि व्यवसाय से जुड़े लोगों में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक न्यायालय में प्रकरण चलाया जाए तथा पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा एवं सुरक्षा प्रदान की जाए।

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की जोरदार मांग

जिला अभिभाषक संघ, देवास ने स्पष्ट किया कि जबलपुर स्थित म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से "एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट" लागू करने की मांग कर रही है, किंतु राज्य शासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक विशेष सुरक्षा कानून नहीं बनेगा, तब तक अधिवक्ताओं पर हमलों की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सकेगा। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह न्याय व्यवस्था की गरिमा और विश्वसनीयता से जुड़ा विषय है। यदि अधिवक्ता ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो आमजन के अधिकारों की रक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र "एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट" लागू नहीं करती है तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और व्यापक रूप दिया जाएगा। भविष्य में चरणबद्ध आंदोलन, न्यायालयीन कार्य का बहिष्कार तथा राजधानी स्तर पर प्रदर्शन भी किया जा सकता है। प्रतिवाद दिवस के दौरान संघ कोषाध्यक्ष दीपेन्द्रसिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला, महिला उपाध्यक्ष गीता शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज पंड्या सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। पूरे दिन न्यायालयीन कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा और अधिवक्ताओं ने एकजुटता के साथ यह संदेश दिया कि सुरक्षा और सम्मान के बिना न्याय व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती।

# ऑपरेशन त्रिनेत्रमः 12 लाख की चोरी का किया खुलासा

### थाना सिविल लाइन पुलिस को मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में थाना सिविल लाइन पुलिस ने महज 08 घंटों में बड़ी चोरी की घटना का पर्दाफाश किया। 14 फरवरी को फरियादी ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका निवास अग्रसेन नगर में है, घर से सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए जिनकी कुल कीमत लगभग 12 लाख आंकी गई।पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाइन हितेश पाटिल तथा थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों के घटना कारित करने के बाद भागते हुए के फुटेज मिले। मुखबिर तंत्र की सहायता से संदेही मयंक पिता सुनील उपाध्याय (उम्र 20 वर्ष) निवासी संजय नगर, हाल मुकाम बद्रीधाम नगर देवास एवं एक महिला आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली और पुलिस ने 12 लाख के आभूषण बरामद किए।इस सराहनीय कार्रवाई में सउनि राकेश तिवारी, सउनि कमलपुरी गोस्वामी, आरक्षक मातादीन, आरक्षक अंतरसिंह परमार, मप्रआर प्रीति मालवीय, मआर मोनिका तथा थाना कोतवाली से आरक्षक सुजित, आरक्षक वैभव एवं आरक्षक उदय प्रताप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मोबाइल दुकान के उद्घाटन के दौरान सड़क पर किया अतिक्रमण, निगम ने काटा चालान



**देवास।** शहर में कैलादेवी मार्ग पर एक नई मोबाइल दुकान के उद्घाटन के दौरान किए गए अस्थाई अतिक्रमण पर नगर निगम ने सोमवार को कार्रवाई की। निगम ने सड़क से फ्लेक्स और अन्य सामग्री हटाई तथा दुकान संचालक पर 5 हजार रुपए का चालान काटा।नगर निगम को राहगीरों और स्थानीय निवासियों से शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण कर आवागमन बाधित किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर निगम की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाया।मोबाइल दुकान संचालक ने उद्घाटन के लिए सड़क पर फ्लेक्स और अन्य सामग्री लगाई थी। इसके लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर निगम ने यह चालानी कार्रवाई की। इस अतिक्रमण के कारण यातायात भी बाधित हो रहा था।


### पेंशनर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की इकाई गठित



**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास के संस्थापक संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा के मार्गदर्शन में एवं जिला अध्यक्ष पण्डित देवीशंकर तिवारी कि अध्यक्षता एवं जिला सचिव अरविंद शर्मा, देवास तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नागर, प्रदेश कार्यसमिति उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी के आतिथ्य में विजयागंज मंडी में संघ की बैठक में मण्डी तहसील का गठन किया गया। वरिष्ठ मार्गदर्शक रामलाल लुवानिया, किशोरी लाल शर्मा को संरक्षक एवं हुकमचंद अमृतियां अध्यक्ष, बाबुलाल शर्मा उपाध्यक्ष, कुमेरसिह डोडिया सचिव, कृपाराम पटेल कोषाध्यक्ष, रामकरण निगम सहसचिव बनाए गए। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के लिए शंकरलाल मालवीय, मणीशंकर पाठक, मनोहर सिंह झाला, छगनलाल अमृतिया, नाथूलाल लुवानिया, घनश्याम पाठक आदि को मनोनीत किया गया। उपस्थित सदस्यों को सेक्टर वार प्रभारी भी बनाए गए। अति शीघ्र सदस्यता अभियान चला कर मण्डी तहसील का प्रथम से वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा एवं पेंशनर की समस्या निवारण हेतु कार्य होगा साथ ही वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। वरिष्ठ सदस्य रामलाल लुवानिया ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# चंद्रकेश्वर में स्नान करने आए श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने किया हमला, कई हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



चन्द्रकेश्रर प्राचीन तीर्थ पर चमन ऋषि की तपोस्थली में उस समय अफरा तफरी मच गई जब स्नान करने आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओ पर अचानक मधुमक्खियां ने हमला कर दिया। हमले में 8 से 10 श्रद्धालु घायल हुए और मौके पर भगदड़ जैसे स्थित बन गई। घटना की सूचना मिलते ही कमलापुर थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा पुलिस दल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उनके साथ प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद खरे, सैनिक विष्णु सोनी ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला और घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 बिजवाड़ पुलिस चौकी एवं डायल 112 चापडा पुलिस चौकी थाना प्रभारी की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गई थी। पास ही स्थित बाबा सेवा दास के आश्रम पर से कंबल मंगवाकर मधुमक्खियो के हमले से बचाया गया और हालात को नियंत्रण में किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, जोशी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सोमवार से बाबा भंवरनाथ महाराज के मेले में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ने बाबा भंवरनाथ व भगवान मनकामेश्वर की पूजा अर्चना करने के पश्चात मेला ग्राउंड में किया। जहां उन्होंने शेख इलेवन टीम देवास, करनावद इलेवन टीम, लकी स्पोटर्स टीम इंदौर व उज्जैन की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रथम मैच के लिए टॉस भी करवाया।साथ ही अध्यक्ष जोशी ने नगर परिषद उपाध्यक्ष की गेंद पर शॉट्र्स भी लगाए। अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने मेला ग्राउंड में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का अवलोकन किया। मैच में अंपायरशिप युवराज सिंह व परवेज खान द्वारा की जा रही है। वहीं कमेंट्री मनीष ठाकुर व राज राठौर के द्वारा की जा रही है। महाशिवरात्रि पर्व परप्रतिवर्ष आयोजित होने वाले 10 दिवसीय में विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पार्षद सचिन यादव, पूर्व पार्षद कैलाश सिंह ठाकुर, सज्जन दरबार, आदि लोग मौजूद रहे।

# दरबार की स्मृति में विधायक चौधरी ने किया जल मंदिर प्याऊ का लोकार्पण, गर्मी में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के प्रमुख प्रसिद्ध बाबा भॅंवरनाथ महाराज मंदिर प्रांगण में स्व.फतेसिह दरबार की स्मृति मे जल मंदिर प्याऊ लोकार्पण का आयोजन उनके पुत्र दिलीप सिंह दरबार द्वारा रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटपिपलिया क्षेत्र के विधायक मनोज चौधरी एव विशेष अतिथि सोनकच्छ क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं माता मीना देवी के द्वारा सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात विधायक चौधरी द्वारा खिचढी प्रसाद का वितरण भी किया गया। लोकार्पण के अवसर पर उनकी पुत्रवधु ऊमा- दिलीप सिंह राजपूत- बहन लक्ष्मी अशोक, कृष्मिता-कलपेश देवराज सिंह- हर्षवर्धन सिंह राजपूत,अमर अवस्थी, नगर परीषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व पार्षद कैलाश सिंह ठाकुर, पत्रकार अभय नागर, नरेन्द्र माली, देवीसिंह लोधी, मौसम माली, विनायक माली, अजबसिंह धाकड आदि लोग मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर संस्था नमो-नमो ने किया अभिनव आयोजन

# विवाह उत्सव जैसी भव्यता के साथ प्रमुख मार्गों से निकली शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





संस्था नमो नमो द्वारा नगर में आयोजित भव्य शिव बारात इस वर्ष विवाह उत्सव जैसी साज-सज्जा और आध्यात्मिक माहौल के साथ संपन्न हुई। नगर में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे आयोजन ने विवाह उत्सव जैसी आनंदमयी अनुभूति प्रदान की। शिव बारात प्रारंभ होने के पूर्व मंचीय कार्यक्रम में अतिथि भाजपा ज़िलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजीव खंडेलवाल, बहादुर मुकाती, दुर्गेश अग्रवाल, सुभाष शर्मा, शशिकांत यादव, मनीष सेन, शिवा पहलवान, विजय सिंह पंवार, मनीष सोलंकी उपस्थित थे।

स्वागत भाषण संस्था संयोजक राजेश यादव ने दिया और उद्बोधन भाजपा ज़िलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजीव खंडेलवाल, दुर्गेश अग्रवाल और शशिकांत यादव द्वारा दिया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष वरुण अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल चौधरी, सुमेरसिंह ठाकुर, नरेन्द्र सोलंकी, दीपक सोनी, राकेश गुप्ता, महेश यादव, शशांक पवैया ने किया।

### विशेष सम्मान समारोह

शिव बारात प्रारंभ होने से पूर्व नगर में प्रभात फेरियों के माध्यम से सनातन धर्म की अलख जगाने वाले धर्मवीर बंधु-भगिनियों का अतिथियों द्वारा भगवा दुपट्टा एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात शिव बारात प्रारंभ हुई जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक झलक दिखाई दी। केरल की ढोल पार्टी ने पूरे मार्ग में ऐसा वातावरण बनाया कि श्रद्धालु वाद्य यंत्रों की धुन पर झूमने लगे। गुजरात की मातृशक्ति डमरू पार्टी ने अपनी प्रस्तुति से विशेष आकर्षण पैदा किया। उत्तर प्रदेश की सजीव झांकियां, वनवासी समाज के नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। बेरसिया की देवी-देवताओं की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। बारात में शीश से गंगा धारा निकालते, डमरू बजाते नंदी पर सवार रोबोटिक शिवजी, माँ गौरा को ब्याहने जाते दूल्हा स्वरूप शिवजी और विशाल नंदी की झांकी विशेष आकर्षण रही।

### उज्जैन जैसी दिव्यता का अनुभव

बारात में उस दृश्य की झलक भी देखने को मिली जिस प्रकार सावन माह में उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर से बाबा महाकाल गजराज पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यह प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने भक्ति और आस्था के साथ इस दिव्य शिव बारात का दर्शन किया और आयोजन की भव्यता की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अजय तोमर ने किया तथा आभार प्रदर्शन संजय दायमा द्वारा किया गया। शिव बारात की ऐतिहासिक सफलता पर संस्था के मनोज गर्ग, रोहित शर्मा, नितिन शेलके, गोलू पीओपी, सुरेंद्र परिहार, महेश चौहान, मनीष जैन, बंटी मंगरोलिया, नीलेश वर्मा, राम यादव, सोनू परमार, संजय ठाकुर, भूपेश ठाकुर, विकास जाट, गोपाल खत्री, राहुल गोस्वामी, शुभम जाधव, रोहित खिची (काली), रवि दायमा, मनीष काका, धीरेन्द्र दवे, लक्खा खत्री, राहुल ठाकुर, गौरव दुबे, हेमंत कोदिया, दिनेश शर्मा, ईश्वर परसिया, शशांक पवैया, जयंत यादव सहित संथा सदस्यों ने देवास की सनातन प्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया है।

### टैक्स जमा नहीं करने पर ग्राम बावडिया में भूमि कुर्क की गई



**देवास।** तहसीलदार नगर देवास सपना शर्मा द्वारा भूमि स्वामी विकास पिता टीकमचंद अग्रवाल निवासी इंदौर के द्वारा ग्राम बावडिया में डायवर्सन टैक्स जमा नहीं करने पर भूमि कुर्क करने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि सर्वे क्रमांक 289/1/1 एवं 252/1/1 एवं देवास जूनियर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 793, 820/3 , 820/4 , 821/2 , 822/3, 824/2 और 825/3 पर बकाया डायवर्सन टैक्स जमा नहीं करने पर भूमि को कुर्क करके बोर्ड लगाया गया साथ ही उक्त भूमियों पर अब किसी भी प्रकार का संव्यवहार अवैध होगा। कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक लखन पुरबिया एवं हल्का पटवारी दीपिका बोरीवाल सहित अन्य राजस्व अमला साथ मौजूद था।

## खबर संक्षेप

### बाइक फिसलने से दो मौसेरे भाइयों की मौत

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में सुबह करीब 8 बजे झाड़ियों में दो युवकों के शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई । बताया जा रहा है कि हादसे में मृत मिले युवकों की पहचान मौसेरे भाइयों के तौर पर हुई है, जिनकी मौत देर रात अनियंत्रित बाइक की पेड़ से टक्कर के बाद वाहन झाड़ियों में गिरने से हुई है। राहगीरों ने शव दिखने पर इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम धवा में रविवार को अपने मामा हनुमत के घर मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां खाना खाने के बाद दोनों बाइक से मड़ावरा की ओर निकले थे। लहर धाम तिराहे के पास एक तीखी मोड़ पर उनकी बाइक अनयंत्रित हो गई और सीधे बबूल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक करीब 10 फीट आगे झाड़ियों में जा गिरी। वहीं दोनों युवक पेड़ से टकराकर नीचे खाई में गिर गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे तिराहे के पास से गुजर रहे राहगीरों ने युवकों के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मड़ावरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों शवों को मड़ावरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतकों की पहचान नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बनयाना निवासी 16 वर्षीय विवेक पुत्र मुकेश और बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया छतारा निवासी राघवेंद्र पुत्र पूरन अहिरवार के रूप में हुई है। दोनों मौसेरे भाई थे। मड़ावरा थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक की रफ्तार तेज होगी और मोड़ पर उसे काबू नहीं कर पाए होंगे, जिसके कारण वह सीधी पेड़ से टकरा गई।

### फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित थाना नाराहट के ग्राम कलौथरा व हाल रामनगर हाई-वे निवासी रामनरेश पुत्र वृंदावन निरंजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित के अनुसार लगभग 6-7 माह पूर्व मोहल्ला पिसनारी बाग निवासी यश बुंदेला पुत्र भगत राजा ने उसके मोबाइल फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकियां दी जाने लगी थीं। उस समय आरोपी के परिजनों द्वारा समझाने के बाद मामला शांत हो गया था, जिस कारण पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। लेकिन 14 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 12.22 बजे आरोपी ने फिर से मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी से पीड़ित भयभीत हो गया और उसे अपनी जान-माल की आशंका सताने लगी। पीड़ित ने धमकी भरे मैसेज का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा है।

### जमीन के नाम पर ठगी कर धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी, अवैध वसूली और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित आजाद चौक लक्ष्मीपुरा निवासी पृथ्वी बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि थाना जाखलौन के ग्राम करमुहारा व हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी सत्यभान यादव उर्फ गोलू ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उससे धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी की।पीड़ित के अनुसार, उसकी पहचान सत्यभान यादव से उसके मित्र के माध्यम से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे अलग-अलग समय पर फोन-पे के जरिए कभी 2500, कभी 3000 तो कभी 5000 रुपये लिए। बाद में आरोपी ने अपने गांव करमुहरा स्थित जमीन को कम दाम में बेचने का लालच देकर पीड़ित से करीब साढ़े चार लाख रुपये एडवांस के रूप में ले लिए। जब जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात आई तो आरोपी ने इलाज का बहाना बनाकर और रुपये मांग लिए।

## अपनी भव्यता और दिव्यता से लोगों को आकर्षित कर रहा था शिव मंदिर

# देखते ही बन रही थी दूल्हा बने भगवान श्री नीलकंठेश्वर की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाली (ललितपुर)



महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव माता पार्वती के विवाह को लेकर विंध्याचल की वादियों में स्थापित श्री नीलकंठेश्वर मंदिर को इस तरह फूलों से सजाया गया कि जिसकी दिव्यता और भव्यता देखते ही बन रही थी। काले बलुए पत्थर से निर्मित भगवान शिव के स्वरूप नीलकंठ को जब दूल्हा की तरह सजाया गया तो हर कोई भगवान की झलक पाने लाइन में बना रहा। सैकड़ों लोग भगवान भोलेनाथ के दरबार में पहुंचे। मंदिर में दिन भर धार्मिक अनुष्ठानों को दौर चलता रहा, जहां कस्बे के हजारिया महादेव मंदिर से शिव बारात निकाली गयी तो वहीं देर शाम श्री नीलकंठेश्वर मंदिर में भगवान शिव- माता पार्वती के विवाह कार्यक्रम की धूम रही।

आयोजित शिव बारात में कोई नाचे गए तो कोई ढोल बजाए, कोई झूमे कूदे बम बम तो कोई जोर से बोले बम बम के बीच शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की बारात में पूरी तरह उत्साहित नजर आ रहे थे। बारात के स्वागत के लिए सड़कों के दोनों तरफ लोग कतार में खड़े होकर भगवान की बारात को देखने के लिए उनके स्वागत में खड़ा रहा। बारात में शामिल भूतों की पलटन भी बड़ी बनठन कर कोई नाच रहा था तो कोई ढोल बजा रहा था। पाली में महाशिवरात्रि में लोगों की आस्था, उत्साह देखते ही बन रहा था। पाली मुख्य बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार तक केवल शिव के बाराती ही नजर आ रहे थे। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या महिलाएं हर कोई भोले का दीवाना बनकर भक्ति धुनों पर थिरक रहा था। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कस्बा पाली हर हर महादेव शिव शंभू के जयकारों से गुंजायमान रही।

### मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए

मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। भोलेबाबा की विवाह हल्दी से लोगों ने अपने बच्चों के मुंडन भी कराए। महाशिवरात्रि पर कस्बे से निकली बारात का जगह जगह जोरदार स्वागत किया। महाशिवरात्रि पर्व के चलते विंध्याचल की वादियों में विराजे नीलकंठेश्वरधाम में जुटे शिवभक्तों की भीड़ की रौनक देखते ही बन रही थी। भगवान शिव की त्रिमुखी प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया। नीचे स्थापित ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रंगार किया गया जो देखते ही बन रहा था। सुबह से जुट रहे शिवभक्तों ने सीतामढ़ी कुण्ड में स्नान कर भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर सुखद जीवन की कामना की। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठानों चलते रहे। वही हजरिया महादेव मंदिर में शिवलिंग का ऊँ नमः शिवाय मंत्र जाप के साथ जलाभिषेक, रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर से शिवबारात का शुभारंभ रंगारंग आतिशबाजी के साथ हुआ। बारात में सबसे आगे युवक धर्मध्वजा फहराते हर हर बम बम के जयघोष करते चल रहे थे। रमतूला नृत्य पर कलाकार बुन्देलीकला के विभिन्न नजारे पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहे थे। भगवान ब्रह्मा, विष्णु, नारद घोड़े बग्घी पर सवार होकर चल रहे थे, इसके बाद भूतप्रेतों की टोली अपना खूबसूरत हुडदंग मचाती हुई शिव बारात को चार चांद लगा रही थी। अपने वाहन नन्दी पर सवार भोलेबाबा के स्वरूप की मंद मंद मीठी मुस्कान शिवभक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। पीकर शंकर जी की बूटी..आदि तरानों पर शामिल बराती खूब नृत्य कर चल रहे थे। बारात मुख्य बजार, गांधी चौक, रेंजचो की होती हुई नगर भृमण को निकली। बारात का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। शिवबारात को सफल बनाने के लिए पत्रकार अमित पांडेय, चेयरमैन मनीष तिवारी, आशीष चौरसिया, नरेंद्र ताम्रकार, राजेश नामदेव, राजू चौरसिया, मनीराम नामदेव, रामगोपाल साहू, प्रशांत साहू, दीपेंद्र जैन, शिब्बू चौरसिया, हरगोविंद कुशवाहा, उमेश सोनी, मोनू राय, सुनील नामदेव, गोपाल चौरसिया आदि मौजूद रहे तो वहीं श्री नीलकंठेश्वर मंदिर परिषर में प्रसाद वितरण व भण्डारे में कमलेश चौरसिया, देवकीनंदन चौरसिया, विनय चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, उमाशंकर चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, जगदीश चौरसिया, मम्मा साहू सहित मित्र मंडली ने अपना विशेष योगदान दिया। महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए थाना प्रभारी दीपक कुमार अपने दलबल के साथ मौजूद रहे।

## मासिक समीक्षा गोष्ठी हुई

# एएचटीयू, एसजेपीयू की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) व एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराह्न 1 बजे से संपन्न हुआ।

कार्यशाला एसपी के निर्देशन में एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। एएचटीयू, एसजेपीयू तथा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुपालन, अनुसंधान की गुणवत्ता, तथा थानों पर तैनात बाल कल्याण अधिकारियों के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 में हुए नवीनतम संशोधनों, पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकरण के 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी को सूचना देने, पोक्सो मामलों में फार्म ए व बी तथा एसबीआर रिपोर्ट समय से प्रेषित करने, और बाल कल्याण अधिकारी द्वारा निर्धारित कर्तव्यों के पालन पर विशेष मार्गदर्शन दिया। साथ ही पॉक्सो से संबंधित अभियुक्तों को माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त जमानत नोटिस समयबद्ध रूप से बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद में गुमशुदा बच्चों से संबंधित पंजीकृत व लंबित मामलों, पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज अभियोगों की समीक्षा की गई तथा जेजे एक्ट से संबंधित आदेश-निर्देशों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। इस दौरान सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं सभी थानों से जुड़े बाल कल्याण अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों का नंबर हैंग कर आईडी बनाकर कर रहे थे परेशान

# पीछा, अश्लील इशारे, मैसेज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र में एक विवाहित महिला के साथ लगातार छेड़छाड़, मानसिक उत्पीडऩ और साइबर उत्पीडऩ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला महिला की सुरक्षा और निजता से जुड़ा होने के कारण पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। शहर में रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पति नौकरी करते हैं और अक्सर घर से बाहर रहते हैं। इसी बात का फायदा उठाकर नझाई बाजार व तालाबपुरा निवासी नामजद तथा एक अन्य अज्ञात व्यक्ति उन्हें लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार जब भी वह घर से बाहर निकलती हैं, आरोपी उनका पीछा करते हैं। रास्ते में अश्लील इशारे किए जाते हैं और अभद्र टिप्पणियां की जाती हैं। कई बार विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज की गई और डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी रात के समय उनके घर आकर दरवाजा खटखटाते हैं और अश्लील पर्चियां घर के अंदर फेंककर फरार हो जाते हैं। इससे पूरा परिवार दहशत में है और महिला को घर में भी सुरक्षित महसूस नहीं हो रहा।

### मोबाइल पर अश्लील संदेश मिलने का बनाते दबाव

पीड़िता का कहना है कि आरोपियों द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वाट्सएप और सामान्य संदेशों के माध्यम से लगातार अश्लील टेक्स्ट मैसेज भेजे जाते हैं। साथ ही बात करने और मिलने का दबाव बनाया जाता है। मना करने पर आरोपी धमकी देने लगते हैं कि उनके पास महिला से संबंधित कथित आपत्तिजनक वीडियो हैं।

### जान से मारने की धमकी मानसिक तनाव में पीड़िता

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विरोध करने पर आरोपियों ने कई बार जान से मारने की धमकी दी। लगातार हो रहे उत्पीडऩ के चलते पीड़िता और उसका परिवार भय और मानसिक तनाव में जीने को मजबूर है।

### बेटे के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाने का आरोप

मामले को और गंभीर बनाते हुए महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके बेटे के नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी भी बना दी, जिससे उनकी सामाजिक छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे साइबर अपराध का पहलू भी सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, फिर धमकी और ब्लैकमेलिंग

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया के जरिए युवती से संपर्क कर उसके फोटो वायरल करने की धमकी देने और जबरन शादी का दबाव बनाने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री स्थानीय कॉलेज में अध्ययनरत है। इसी दौरान आरोपी कर्माबाई नगर निवासी प्रशान्त साहू ने इंस्टाग्राम के माध्यम से बातचीत शुरू की और धोखे से युवती के कुछ फोटो अपने मोबाइल में ले लिए। बाद में जब युवती ने बातचीत से इनकार किया तो आरोपी ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए युवती का पीछा करना शुरू कर दिया।आरोप है कि आरोपी ने रास्ते में रोककर युवती को धमकाया और परिजनों पर जबरन शादी कराने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं, शादी न करने पर पेट्रोल डालकर जला देने या गोली मारने जैसी गंभीर धमकियां भी दी गईं। पीड़ित पिता के अनुसार आरोपी घर आकर भी परिवार को डराने-धमकाने लगा।घटना 6 फरवरी की शाम उस समय और गंभीर हो गई जब पिता अपनी बेटी के साथ कचहरी चौराहे से रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी आरोपी ने उनका पीछा करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने 7 फरवरी को कोतवाली ललितपुर में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने दर्ज कर लिया है।

## अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# ग्यारह वर-वधुओं ने किया नव दांपत्य जीवन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिले के ग्राम छिल्ला में अहिरवार समाज द्वारा भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलनकासफलआयोजनकियागया समारोह में 11 वर-वधुओं ने नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने एवं विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

समारोह में सभी 11 जोड़ों का विवाह बौद्ध पद्धति से पूर्ण विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। विवाह स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था और पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, सादगी तथा गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए समाज को नशामुक्ति का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रेरणादायक पहल हैं, जो सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक बोझ को भी कम करते हैं। इस अवसर पर नवदंपतियों को उपहार एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। मंच से वक्ताओं ने समाज से अपील की कि ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दिया जाए, ताकि निर्धन परिवारों को सम्मान पूर्वकव ि वाह संपन्न कराने का अवसर मिलसके। संचालन क्षमाधर शिक्षक एवं सुरेश कुमार मैनवार ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में गंधर्व सिंह लोधी, आला प्रसाद निरजंन, दीपक अहिरवार पूर्व जिलाध्यक्ष, सुजान पटेल जिलाध्यक्ष, भगवानदास प्रजापति, रामस्वरूप पटेल अपना दल, खुशालचंद शाहू, शाकिर अली, संतोष कुमार, अशोक बार, हरिशंकर पटेल, जमुना प्रसाद, रामकिशन, सुरेंद्र, राहुल गौतम, इंद्रजीत गौतम, सुरेंद्र पत्रकार, कृपाल गौतम पत्रकार, महेन्द्र कुमार, बीरन सिंह, केहर, रामदास जिलाध्यक्ष, बलराम, दुष्यंत सिंह, ब्रजेश, खुशीलाल, खिलानसिंह, हरिराम, महेश, अखिलेश, रानू, तेजराम, अरविंद, राजकुमारी गौतम, मीरा देवी, अनीता, मालती, जगदीश, मनोहर, रामदयाल, विष्णु, धर्मदास, सुनील, अरविंद मऊ, चेन्चेराम, नीरेन्द्र खिरिया, हरिश्चंद्र, रवि, खेल प्रताप, मुकेश, तुलसी, हीरा लाल, रंजीत, रक्खू, लखन, राहुल, टीकाराम, अनेक सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजक मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, महेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से सभी का आभार जताया।

### महिला से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

ललितपुर। जिले के थाना बार क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ग्राम लड़वारी निवासी दीक्षा बुंदेला पत्नी अवतार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार 15 फरवरी 2026 की शाम करीब सात बजे वह अपने भाई सुरेंद्र और अन्य परिजनों के साथ लडवारी तिराहा मंदिर के पास मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही अरविंद वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़िता के भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर आरोपी ने पीड़िता को धक्का दे दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी और उसकी कमर व पीठ में चोट आ गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने पीड़िता की बहन और बेटी के साथ भी मारपीट की तथा सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर थाने गए तो दोबारा हमला किया जाएगा।

# गोविंद सागर बांध से शव बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर में लापता युवक की तलाश उस समय दुखद मोड़ पर आ गई, जब उसका शव गोविंद सागर बांध में बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से पुलिस महकमे में हलचल मच गई और परिजनों की उम्मीदें टूट गईं। बताया गया कि चौबयाना मोहल्ला निवासी महेश रैकवार का पुत्र हर्षित रैकवार कुछ दिनों से घर से लापता था।

परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस से तलाश की गुहार लगाई थी। इसी बीच रविवार को स्थानीय नागरिकों ने गोविंद सागर बांध में एक शव तैरता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और बांध से बाहर निकलवाया। पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, वहीं मृतक के परिजन बेसुध नजर आए। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत हादसा है, आत्महत्या या किसी अन्य कारण से हुई है।

## प्रधान की कार्यशैली संदिग्ध

# आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण व कब्जे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम महरौनी खुर्द में आबादी की भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित डोंडाघाट तालाबपुरा निवासी विक्रम सिंह पुत्र सुमरन सिंह ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित के अनुसार ग्राम महरौनीखुर्द स्थित खसरा संख्या 742, रकबा 0.376 हेक्टेयर भूमि, जो आबादी श्रेणी में दर्ज है और सड़क से लगी हुई है, इस पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। आरोप है कि ज्ञान सिंह पुत्र कन्हैया यादव द्वारा उक्त भूमि पर पक्का निर्माण करने की नीयत से तार फेंसिंग और पिलर लगाए जा रहे हैं, जबकि राकेश पुत्र मान सिंह द्वारा कूड़ा-कचरा डालकर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान सोबरन सिंह द्वारा पत्थर के निशान लगवाकर कब्जे को बढ़ावा दिया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में नजरी नक्शा, खतौनी की नकल और बयान सहित साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए प्रशासन से अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की । कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्जकर लिया है।

## अब ऑपरेशन से दूर की जा सकती दिव्यांगता

# बुंदेलखंड में दिव्यांग का डर मिटा पैदल चलाकर संदेश दिया

### डा.आकाश खैरा द्वारा अपनी गई तकनीक से आश्चर्यजनक सफल ऑपरेशन पर मिल रही बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



डा.आकाश खैरा ने एक विकलांग व्यक्ति की दिव्यांगता को समाप्त कर उसे लम्बी दूरी पैदल तय करने के लायक बना दिया है। बुन्देलखंड क्षेत्र में पहली बार उपयोग की गयी अत्याधुनिक टीटीसी नेल द्वारा एंकल ऑथ्रोडेसिस सर्जरी तकनीकि से किए गये इस उन्नत ऑपरेशन की सफलता पर क्षेत्रीय अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.खैरा को बधाईयां मिल रही हैं। मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत ग्राम बुड़ानपुर निवासी 50 वर्षीय सोबरन सिंह यादव का दायां पैर 5 महीने पहले एक दुर्घटना में टखने से टूट गया था। उसने अनेक स्थानों ग्वालियर और एम्स भोपाल में इसका इलाज कराया । पैसा पानी की तरह बहाया था, लेकिन वह सामान्य रूप से चलने फिरने लायक नहीं हो पाया था। उसके पैर में स्थायी दिव्यांगता आ गयी थी। जिससे वह भारी दर्द के साथ लंगड़ाकर मुश्किल से कुछ कदम ही चल पाता था। अनेक स्थानों पर इलाज कराने के बाद जब उसे कोई उम्मीद नहीं दिखी, तब वह डा.आकाश खैरा को दिखाने को आया। नवजीवन क्लीनिक में परीक्षण के बाद डा.खैरा ने उसका ऑपरेशन कर उसकी दिव्यांगता समाप्त करने का निर्णय लिया। उसका ऑपरेशन टीटीसी नेल द्वारा जटिल ऑर्थोडेसिस सर्जरी के माध्यम से ऋषिराज अस्पताल में किया गया। इस ऑपरेशन के बाद उसका मुड़ा हुआ खराब हो गया टखना सीधा और सही हो गया है। मरीज के साथ आये उनके नाती पुष्पेन्द्र ने अपने दादाजी की दिव्यांगता दूर करने पर ऑर्थो सर्जन टीम को धन्यवाद दिया है। उनके मरीज को अब तकलीफ और अपमानजनक हालात से निजात मिल गयी है। इस ऑपरेशन में निश्चतना विशेषज्ञ डा.खेमचंद वर्मा, डा.अंकित साहू, ओमकरन सिंह, रोहित राजपूत, जयदेव, विशाल कुशवाहा, बृगभान सिंह, सौरभ कुशवाहा, मुस्कान प्रजापति, वैशाली आदि ने सहयोग किया।

### इनका कहना है

मरीज के पैर में तलवे से मोटी नेल डालकर पैर के टखने की सारी हड्डियों को पिरोकर व्यवस्थित कर दिया गया है। यह आधुनिक तकनीकि पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक स्थायित्व प्रदान करती है। इससे रिकवरी तेज होती है। अब ऐसे ऑपरेशन के लिये बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। मरीज जल्द ही चलने फिरने लायक हो जायेगा। उसका टेड़ा पैर सीधा हो गया है, जिससे उसकी दिव्यांगता समाप्त हो गयी है।

**ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा**
नवजीवन क्लीनिक ललितपुर

केदारनाथ के इस बार भी नहीं खुले पट, स्क्रीन पर कराए दर्शन, मंदिरों में हुआ विशेष पूजन और श्रृंगार

महाशिवरात्रि पर गादेर और मालपुर गुफाओं पर लगे मेले

# भोलेनाथ की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु निकली शिव बारात, मनाया विवाहोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अद्भुत संगम के साथ मनाया गया । जिले के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में विशेष सजावट, आकर्षक विद्युत साज सज्जा और धार्मिक आयोजनों की व्यापक झलक देखने को मिली ।शहर में शिव जी की शोभायात्रा निकाली गई। उधर शहर के समीप प्राचीन केदारनाथ धाम के पट इस बार भी नहीं खुले ,प्रशासन ने स्क्रीन पर श्रद्धालुओं को दर्शन करने की पूर्व की व्यवस्था को जारी रखा । वहीं गादेर और मालपुर की गुफाओं पर पारंपरिक मेले लगे जहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया और आराधना में लीन नजर आए।

## मालपुर ,गादेर गुफा पर लगे पारंपरिक मेले

पांडव कालीन मालपुर गुफाओं पर परंपरा अनुसार शिवरात्रि का मेला लगाया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की आराधना की और बच्चों ने मेले का लुफ्त उठाया। ठीक इसी तरह से गादेर गुफा मंदिर पर भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा यहां पर भी पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया जिसमें बड़े तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। गुफा के अलावा ऊपर पहाड़ी पर बाबा के स्थान पर भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी तादाद देखने को मिली यहां उत्तर मुखी हनुमान जी की आराधना से सर्व मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है।भोले बाबा ,माता दुर्गा और भैरव नाथ जी यहां पर विराजमान है।यहां के सेवक संजय देशमुख ने बाबा की कृपा को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया है और वह अन्य लोगों को भी इस स्थान से जोड़कर लाभान्वित होने की बात कहते हैं।दोनों ही स्थान पर दूर दराज से आने वाले लंबे समय से जुड़े हुए श्रद्धालुओं की तादाद भी अच्छी खासी रही। मालपुर गुफा पर कई श्रद्धालु ऐसे मिले जो पिछले 50 वर्षों से निरंतर यहां आ रहे हैं।

## भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया

न्यू टेकरी रोड स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में शारदा जागृति महिला समिति द्वारा तीन दिवसीय भोलेनाथ-मां गौरी विवाह महोत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार को मेहंदी और महिला संगीत का आयोजन हुआ, जिसमें विधि-विधान से पूजन कर सुहा सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा।वहीं सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड पर मेहंदी व मंडप समारोह आयोजित हुआ, जिसमें हरी तार साड़ी ड्रेस कोड में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिवबारात

दुर्गा कॉलोनी स्थित सनाढ्य धर्मशाला परिसर में श्री नर्मदेश्वर महादेव के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को मेहंदी समारोह शाम 4 बजे से आयोजित हुआ। वहीं रविवार को शिव बारात और नर्मदेश्वर महादेव को विशेष श्रृंगारित किया गया । आयोजन में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी दादा देखने को मिली इस मौके पर मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया , यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

## पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में मंडप समारोह

सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड ए.बी. रोड पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मेहंदी व मंडप समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु हरी साड़ी के ड्रेस कोड में शामिल हुई। बाबा पशुपतिनाथ के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने भक्ति गीत गाए और शिव-पार्वती विवाह की परंपरा निभाई है।

## नपाध्यक्ष शिव पालकी में शामिल हुई और किया भव्य स्वागत

गुना। नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं पूर्व पार्षद भाजपा नेता अरविंद गुप्ता वार्ड 2 में निकाली गई एक भव्य शिव पालकी में शामिल हुए एवं शिव पालकी का अपने निवास पर हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की और आतिशबाजी चला कर उनकी श्रद्धा को सम्मानित किया। इस स्वागत समारोह में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक महत्ता दोनों ही बढ़ गई।



अध्यक्ष जी के इस सादगीपूर्ण लेकिन प्रभावशाली स्वागत ने सभी उपस्थित जनों के दिलों को छू लिया और शिवभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया। इस प्रकार यह आयोजन न केवल एक धार्मिक उत्सव बनकर उभरा, बल्कि एकता और सामूहिक श्रद्धा का भी प्रतीक बना।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 मार्च तक कराएं

गुना। रबी उपार्जन 2026-27 में गेंहू उपार्जन हेतु पंजीयन केन्द्र पर किसानों के पंजीयन हेतु 7 2026 से 7 मार्च 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर किशोर कन्याल के द्वारा किसान पंजीयन हेतु जिले में 35 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त जिले के कामन सर्विस सेन्टरों, एम.पी.आनलाईन कियोस्को, लोकसेवा केन्द्रों, साइबर केफो, सहायता केन्द्रो एवं किसान मोबाइल एप पर किसान पंजीयन किए जाएंगे।

## भारतीय धावक एकेडमी कुंभराज ने दी श्रद्धांजलि

कुंभराज। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए शहीदों की शहादत में भारती धावक एकेडमी कुंभराज ने श्रद्धांजलि एवं भारत माता की आरती करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें नगर के नगर वासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए साथ ही हमारे कुंभराज के जो अपनी सेवा भारत की रक्षा में दे रहे भैया मनीष शिवहरे सीमा सुरक्षा बल (**bsf**) कश्मीर एवं ओमकार चंदेल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल**CISF** सोनभद्र उत्तरप्रदेश ने भी शहीदों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

## डॉ. रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

आडॉ रामदास वैष्णव की 44वीं पुण्यतिथि मेन मार्केट डॉ रामदास चौराहा पर मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा को स्नान कराकर फूल माला से सजाया गया। उपस्थित जनों ने डॉक्टर रामदास वैष्णव के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जो कुरावर का स्वरूप है, वह डॉक्टर रामदास का सपना था। डॉ रामदास वैष्णव को कुरावर गांव को नगरी रूप में देखने वाले जन-जन के सेवक के रूप में याद किया जाता है।

## गेहूं कटाई के दौरान हाइवेस्टर मालिक की हाइटेंशन तार से मौत

सारंगपुर। खेत में हाइवेस्टर से गेहूं कटाई के दौरान हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से पंजाब के हाइवेस्टर के मालिक की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सारंगपुर क्षेत्र के समीप ग्राम गांवड़ी में हुई। बताया जा रहा है कि खेत में गेहूं की फसल की कटाई के लिए हाइवेस्टर मशीन से कार्य चल रहा था। इसी दौरान हाइवेस्टर बिजली के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे मशीन को आगे पीछे करने के दौरान सुखबिंदर सिंह गंभीर रूप से झुलस गए।मृतक सुखबिंदर सिंह जालंधर जिले के गांव दारेवाला थाना लोहियाखास के निवासी थे तथा कटाई कार्य के लिए यहां आए हुए थे। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया।

बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर धूमधाम से शिव पार्वती विवाह संपन्न

# उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व शिवालयों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़/कुरावर

भगवान शिव पार्वती के विवाह का महाशिवरात्रि पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में नगर के प्राचीन शिवालयों पर श्रद्धालुओं के भारी भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बैजनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ लिया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ने लगी थी। देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा। देर शाम नगर के श्रद्धालुओं ने शहर में शिव बारात का आयोजन किया। इसके बाद बड़ा महादेव और माता पार्वती के मंदिर शिखर पर गठजोड़े बांधकर विधि विधान से शिव पार्वती विवाह संपन्न किया गया। इसके अलावा नगर के छोटा महादेव, जल मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव, ओखलेश्वर महादेव, नादेश्वर महादेव, कोदेश्वर महादेव, पीपलेश्वर महादेव सहित प्राचीन शिवालयों पर भी महिला पुरुषों ने शिवलिंग की अभिषेक पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरों पर विशेष साज सज्जा के साथ भगवान का अद्भुद श्रृंगार किया गया। महा आरती और महाप्रसादी वितरण के आयोजन भी संपन्न हुए।

## शिवरात्रि के पर्व पर भंडारा और निःशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



खुजनेर। स्वर्गीय शिवसिंह चैहान की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। शिविर का आयोजन स्थानीय समाजसेवि लक्ष्मीनारायण चैहान प्रान्त समरसता प्रमुख के द्वारा उनके पिताजी की पुण्य स्मृति में अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। शिविर में लगभग 250 से अधिक लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई। चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, दृष्टिदोष एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। गंभीर रोगियों को आगे के उपचार हेतु जिला अनन्तपुर रेफर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, क्योंकि इससे लोगों को घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो जाती है।

# हाथी पर सवार होकर निकले वटकेश्वर महादेव, भव्य शिव बारात का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। वटकेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान भोलेनाथ की आकर्षक झांकी हाथी पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। शिव बारात में शामिल भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिव बारात वटकेश्वर महादेव मंदिर, गांधी चैक से प्रारंभ होकर सदर बाजार, भेरू दरवाजा मार्ग, बस स्टैंड, पुराना एबी रोड, परशुराम चैराहा, अस्पताल रोड और बाग कुआं होते हुए तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची।

शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## प्रजापति समाज ने भगवान शिव का भव्य चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

नगर खुजनेर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापति समाज द्वारा शहर में रविवार को भव्य चल समारोह निकाला गया महाशिवरात्रि का पर्व बडे धूम धाम से मनाया चल समारोह में भगवान भोलेनाथ की भव्य चलित झांकी आकर्षण का केंद्र रही शिव बारात में जमकर थिरके श्रद्धालु पूरा शहर शिवमय हुआ छोटे गणेश मंदिर पर चल समारोह में विराजित भगवान शिव की नप अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा आदि द्वारा पूजा अर्चना की जिसके साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ।



## कैसा भी संकट हो भगवान भक्ति नहीं छोड़ेः पं. अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के अटल चैक में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव की परम भक्त अपाला थी ,जिस को जन्म से चर्म रोग था फिर भी उसने शिव की भक्ति नहीं छोड़ी । इंद्र ने भगवान शिव से पूछा कि प्रभु अपाला आप की परम भक्त है उसको इतना दुख क्यों तब भगवान शिव ने कहा कि इसने पूर्व जन्म में मेरा ओर मेरे भक्त का अपमान किया इसलिए इसको इस जन्म में ये रोग मिला तब भगवान ने इंद्र के साथ नंदी को अपाला के पास भेजा और शिव का चढ़ा हुआ जल अपाला के ऊपर छिड़का उससे उसका चर्म रोग समाप्त हुआ । कथा के माध्यम से कहा कि जीवन में कितना भी दुख संकट आ जावे लेकिन भगवान का मार्ग नहीं छोड़े हमे भगवान की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए।



जैन समाज के अनेक लोग हुए सम्मिलित

## जिनालय की स्थापना दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

नगर स्थित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय के 15वें प्रतिष्ठापना दिवस के अवसर पर नगर के जैन समाज द्वारा रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की पालकी, ध्वज और विशेष बैंड की धुनों के साथ पीटी कंपनी स्थित जिनालय से आरंभ हुई यात्रा बम-बम आश्रम, नागर मोहल्ला, जय स्तंभ चैराहा, मेन मार्केट, रानी झांसी चैराहा, गुड़ बाजार और कोतवाली रोड होते हुए पुनः जिनालय पहुंची। शोभायात्रा के समापन पर जिनालय में भगवान का विशेष कलशाभिषेक, शांतिधारा और पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सौधर्म, ईशान, सनतकुमार और माहेंद्र इंद्र के पात्रों सहित वृहद शांतिधारा हेतु बोलियां लगाई गईं, जिनमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में पचोर, मोड़ी, सुसनेर, ब्यावरा, जीरापुर, करनवास, बीनागंज और चाचैड़ा सहित अनेक नगरों से आए श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि पर जिले भर में हुए अनेक धार्मिक आयोजन, देर रात्रि तक चला पूजन-अर्चन

# भूत-पिशाचों की टोली और कई झांकियों के साथ निकली शिव-बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह गठबंधन का महा-शिवरात्रि पर्व राजगढ़ मुख्यायल सहित पूरे जिले में विभिन्न धार्मिक आयोजना के साथ मनाया गया। राजगढ़ नगर में महादेव उत्सव समिति के तत्वावधान में लगातार 34वें वर्ष भव्य शिव-बारात का आयोजन किया गया। स्थानीय शिवजी की छतरी स्थित मंदिर से ढोल-ढमाकों, गाजे-बाजों और डीजे की धुन की साथ आरंभ हुई बारात में बाहर से आए कलाकारों की मनमोहन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस बारात में भूत-पिशाचों की टोली, भगवान भोलेनाथ की झांकी के साथ अन्य कलाकार सम्मिलित हुए। शिव-बारात का नगर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, फलाहारी प्रसाद सहित भांग की ठंडाई के साथ स्वागत, अभिनंदन किया गया। शिवजी की छतरी से आरंभ हुई बारात जय स्तंभ चैक, सोल्डर चैराहा, वाटर वक्र्स, कोतवाली रोड, नाका नंबर 3 से होते हुए मनकामनेष्वर मंदिर पहुंची। मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त बारात पुनः आरंभ हुई जो मेन मार्केट होते हुए रात्रि में खोयरी बैजनाथ महादेव धाम पहुंचकर समाप्त हुई।




## सुबह से रात तक चले धार्मिक अनुष्ठान

महा षिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध खोयरी महादेव मंदिर, राजयोग महादेव मंदिर, एसी वाले हनुमान मंदिर, मनकामनेश्वर सहित अन्य मंदिरों में तड़के सुबह 5 बजे से आरंभ हुआ पूजा-अर्चना, अभिषेक इत्यादि का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। खोयरी महादेव मंदिर से पार्वतीजी के मंदिर तक गठजोड़ा तैयार कर भोलेनाथ और पार्वतीजी का विवाह संपन्न करवाया गया।

## 32 वर्षों से दूल्हा बना रहे हैं महेश सेन

उल्लेखनीय है कि महादेव उत्सव समिति के तत्वाधान में लगातार 34 सालों से शिव-बारात का आयोजन करवाया जा रहा है। इनमें से 32 वर्षों में महेश सेन नाम के व्यक्ति को दूल्हा बनाकर सजाया जा रहा है। अनवरत इतने वर्षों से शिव रूप धारण करने वाले श्री सेन के वास्तविक नाम को लोग भूलकर उन्हें भोलेनाथ ही पुकारने लगे हैं।

## अनेकों स्थानों पर भांग मिश्रित प्रसादी वितरित

महा-शिवरात्रि पर्व पर निकली बारात में शामिल भक्तों को नगर में कईं स्थानों पर भगवान भोलेनाथ की प्रसादी के तौर पर भांग मिश्रित दूध, ठंडाई का वितरण करवाया गया।

## शिवालयों में रुद्र अभिषेक, खिचड़ी प्रसाद का वितरण

सारंगपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। प्रातः 5 बजे से ही शिव भक्तों का जनसैलाब मंदिरों में उमड़ पड़ा। नगर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर, गुप्तेश्वर, तिलभांडेश्वर, ओंकारेश्वर, वाटकेश्वर, चिंतामनेश्वर, भूतेश्वर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने रुद्र अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया। सुबह से ही महिलाएं, युवतियां, बच्चे एवं पुरुष वर्ग बड़ी संख्या में मंदिरों में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की।

